एक नजर में

## ट्रैफिक पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के चलते दो पहिया वाहनों के हेवी सायलेंसर खुलवाएं



**झाबुआ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपालसिंह महोबिया के मार्गदर्शन में ट्रेफिक पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यवस्थित करने के सत्त प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में ट्रेफिक पुलिस द्वारा वाहनों की सघनता से जांच भी की जा रहीं है। त्रुटि पाए जाने पर वाहन जप्ती के साथ चालान बनाए जा रहे है। ट्रेफिक पुलिस द्वारा 23 अक्टूबर, गुरूवार को दो पहिया वाहनों पर हेवी सायलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैंलाने वाहनों एवं इनसे आमजन को होने वाली परेशानियों को देखते हुए ऐसे भारी वाहनों को रोका गया और उनके सायलेंसर खोलकर जप्त किए गए। यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल के नेतृत्व में शहर के डीआरपी लाईन तिराहे एवं बस स्टैंड चौराहा पर की। जिसमें ऐसे दो पहिया वाहनों को रोककर ध्वनि प्रदूषण के चलते उनके सायलेंसर खोलकर जप्ती में लिए गए। साथ ही हिदायत दी गई कि दो पहिया वाहनों में सामान्य सायलेंसर ही लगाए जाएं। इस प्रकार ट्रेफिक पुलिस ने कुल 11 वाहनों के सायलेंसर खुलवाएं एवं 3 वाहन चालकों को हिदायत देने के बावजूद नहीं मानने पर उनके चालान भी बनाए गए। इस कार्रवाई में विशेष सहयोग यातायात पुलिस के एएसआई रामलाल सिंगार, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र बघेल, आरक्षक राकेश डावर, बाबूसिंह चौहान आदि का रहा। ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल ने बताया कि हेवी सायलेंसर लगाकर दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ आगामी दिनों में भी अभियान जारी रहेगा।

### जानकीनाथ मंदिर में मनाया अन्नकूट महोत्सव

**इंदौर.** शहर के प्राचीनतम जानकीनाथ मंदिर में आज अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. भगवान का नयनाभिराम श्रृंगार कर छप्पन भोग सजाए गए. श्री माहेश्वरी साढ़े सात सौ पंचायती ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मण पटवा एवं मुरलीधर नवाल ने बताया कि सुबह से ही महोत्सव की तैयारी प्रारंभ हो गई थी. स्वयं 7 बजे मंदिर के पट खोले गए. भगवान के मनोहारी श्रृंगार के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे. भगवान जानकीनाथ को छप्पन भोग अर्पित किए गए. इस अवसर पर ट्रस्ट के ओम सोमानी श्री हरि, मनीष बाहेती भी उपस्थित थे. देर रात तक श्रद्धालुओं के दर्शन का ताता लगा रहा.

### धरावराधाम गौशाला पर गौवंश की पूजा-अर्चना

**इंदौर.** धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम आश्रम पर आज गोवर्धन पूजा का आयोजन महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में धूमधाम से किया गया. आश्रम की गौ शाला के सभी गो वंश का आकर्षक श्रृंगार कर उनका पूजन कर उन्हे 56 भोग परोसे गए. बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने गौशाला पहुंच कर गायों की पूजा-अर्चना की. आश्रम परिवार के डॉ. सुरेश चौपड़ा, नानूराम चौधरी, सुधीर अग्रवाल, दिनेश गर्ग, कल्याण भांगड़िया, संतोषसिंह, गोविंद मंगल, अशोक कुमावत, सीताराम नरेड़ी भी उपस्थित थे, जिन्होंने गौ भक्तों की अगवानी की. गोपाष्टमी पर 28 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग लगा कर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा.

### विद्याधाम पर गोवर्धन पूजा

**इंदौर.** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में आश्रम की गौशाला पर सुबह से शाम तक गौ भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि अनेक भक्त अपने-अपने घरों से व्यंजन बनाकर लाए और गौ माता की सेवा की. आश्रम पर बुधवार 29 अक्टूबर को छप्पन भोग एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा. गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में आश्रम की गौशाला में खाद्य सामग्री उपलब्ध रहेगी, जिसे गौ भक्त अपने हाथों से गौ माता को परोस कर पुण्य लाभ उठा सकेंगे. महाआरती शाम 6 बजे होगी.

### स्कूल कर्मचारियों को खाद्य सामग्री वितरित

**इंदौर.** दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ, इंदौर ने एक भावनात्मक काइंडनेस इनिशिएटिव एक मुट्ठी प्यार का आयोजन किया. इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में कार्यरत उन लोगों के जीवन में खुशियाँ और गर्मजोशी लाना था, जो पर्दे के पीछे रहकर निरंतर मेहनत करते हैं. विद्यालय के कम्युनिटी सर्विस क्लब द्वारा संचालित इस पहल में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. तेल, घी, मैदा, सूजी, चीनी और बेसन जैसी आवश्यक वस्तुएँ एकत्र की गईं और उन्हें विद्यालय के हाउसकीपिंग स्टाफ, माली तथा संतृप्ति दीदी-भैयाओं में वितरित किया गया. इस पहल का उद्देश्य करुणा, उदारता और सहानुभूति के उन मूल्यों को पोषित करना था, जो वास्तव में त्योहारों का सार हैं. विद्यालय की प्राचार्या सुश्री आशा नायर ने कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है- यह विद्यार्थियों में दया, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं के मूल्यों को संजोने का माध्यम है. ऐसे सेवाभाव से जुड़े कार्य विद्यार्थियों को दान की परिवर्तनकारी शक्ति और दूसरों को सहानुभूति और स्नेह से ऊपर उठाने की सुंदरता सिखाते हैं.

### फैबइंडिया मना रहा छठ उत्सव का जश्न

**इंदौर.** त्योहारों के इस शुभ अवसर पर फ़ैबइंडिया ने स्वर्णिम छठ पूजा कलेक्शन पेश किया है, जो लाल, मैजेंटा और गोल्ड जैसे चमकदार रंगों से प्रेरित है. इस कलेक्शन में हस्तनिर्मित कपड़ों और बारीक हस्तकला शामिल हैं साथ ही त्यौहार की सांस्कृतिक गहराई और उत्साह को दर्शाया गया है. इस कलेक्शन का हर प्रोडक्ट, भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. इसमें पारंपरिक कलाओं से प्रेरित कलात्मक बुनाई शामिल हैं, जो परंपरा और डिज़ाइन के बीच के अटूट संबंध को खूबसूरती से उजागर करते हैं. खूबसूरत रंगों का सुन्दर मेल इस कलेक्शन को और भी शानदार बनाता है, जो पारिवारिक समारोहों, त्यौहारी अनुष्ठानों और उपहार के रूप में आदर्श विकल्प है. ये कलेक्शन पूरे परिवार के लिए एक शानदार फेस्टिव रेंज प्रस्तुत करती है - महिलाओं के लिए इसमें सुंदर साडी, कुर्ता और दुप्पटा शामिल हैं. पुरुषों के लिए इस कलेक्शन में गहरे लाल और गहरे मैजेंटा शेड्स में क्लासिक कुर्ता और जैकेट उपलब्ध हैं. वही बच्चों के कलेक्शन को कम्फर्ट और सुंदरता को ध्यान में रख के तैयार किया गया है.

### अभी चलाएं, 2026 में पैसा चुकाएं ऑफर

**इंदौर.** प्रामाणिक परफॉर्मेंस क्लासिक मोटरसाइकिलों को फिर से स्टाइल में लाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने ग्राहकों के लिए अभी चलाएँ, 2026 में पैसा चुकाएँ ऑफर शुरू किया है. इस ऑफर के तहत राइडर्स आज ही अपनी सपनों की मोटरसाइकिल घर ले जा सकते हैं.


नवभारत 65
झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:
बाली न्यूज एजेंसी
(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)
मो. न.- 6260765562, 7470402906
कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )


# सालंगपुर धाम के संत डॉ. हरिप्रकाशदास स्वामी का 27 को आगमन पर अभिनंदन

- शहर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा
- तीन दिवसीय श्री हनुमान चरित्र कथा की व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न समितियां बनाई गई



**झाबुआ।** श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल द्वारा आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा का आयोजन शहर के लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर किया जा रहा है। जिसका समय प्रतिदिन रात 8 से 11 बजे तक रहेगा। यह कथा श्री सालंगपुर धाम गुजरात के सुप्रसिद्ध संत डॉ. हरिप्रकाशदास स्वामी के मुखारविन्द से होगी। भव्य स्तर पर होने वाली कथा की तैयारियां एवं प्रचार-प्रसार अब अंतिम दौर में जारी है।

इसी क्रम में श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल की महत्वपूर्ण बैठक 22 अक्टूबर, बुधवार शाम 7.30 बजे श्री संकट मोचन हनुमानजी महाराज की आरती बाद मंदिर परिसर में रखी गई। जिसमें तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा की तैयारियों एवं अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। तीन दिवसीय कथा की व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक का संचालन करते हुए समिति के वरिष्ठ सदस्य गजेन्द्रसिंह चंद्रावत ने बताया कि सालंगपुर धाम से सुप्रसिद्ध कथा वाचक डॉ. हरिप्रकाशदास स्वामी, श्री नीलकंठ भगत एवं अन्य संतगण 27 अक्टूबर, दोपहर 12 बजे अंबा रिसोर्ट पर पधारेंगे। जिनकी आयोजन समिति द्वारा भव्य आगवानी एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस दिन दोपहर 2.30 बजे दिलीप क्लब प्रांगण से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगा। । जिले की संस्कृति के अनुरूप आदिवासी नृत्य मुख्य आकर्षण रहेगा। विशेष रथ पर डॉ. हरिप्रकाशदास स्वामी एवं अन्य संतगण विराजमान रहेंगे। कथा पौथी को लेकर यजमान एवं भक्तगण चलेंगे। यह शोभायात्रा दिलीप क्लब प्रांगण से बस स्टैंड, मुख्य बाजार, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा होते हुए राजवाड़ा पर समापन होगा।

**विभिन्न समितियों का किया गया गठन**-बैठक में तीन दिवसीय श्री हनुमान चरित्र कथा में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु समितियों का गठन किया गया। जिसमें कोषालय समिति में पल्लूसिंह चौहान, पियूष पटेल, सुशीलसिंह सिसौदिया, नवीन पाठक, पवेन्द्रसिंह चौहान, महेन्द्रकुमार खुराना, मुकेश पाटीदार, सचिन जोशी, आमंत्रण-पत्रिका वितरण कोर कमेटी में गजेन्द्रसिंह चंद्रावत, अरूण भावसार, पियूष पटेल, अनिल जैन, पं. मोहित पुरोहित, प्रवीण श्रीवास, रविराजसिंह राठौर, कम्प्यूटर संबंधी कार्य हेतु सुनिल चौहान, तरूण बैरागी, प्रदीप जैन, पुष्पेन्द्र नीमा, जल समिति में श्यामसुंदर शर्मा, सुभाष गिधवानी, पं. मोहित पुरोहित, विजय चौहान, शुभम राठौर एवं महेन्द्रसिंह पंवार को शामिल किया गया।

**24 अक्टूबर को शहर में निकाली जाएगी निवेदन यात्रा**

श्री हनुमान चरित्र कथा के प्रचार-प्रसार के क्रम में 24 अक्टूबर शाम 6 बजे स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से भव्य निवेदन यात्रा संपूर्ण शहर में निकाली जाएगी। यह यात्रा ढोल-धमाकों के साथ दो पहिया वाहनों पर निकालेगी। जिसमें सभी वाहनों पर केसरिया ध्वज लगाए जाने के साथ यात्रा शहर के 18 वार्डों के मार्गो से होकर निकलने के साथ समापन राजवाड़ा पर होगा। कथा व्यवस्था हेतु आयोजन समिति के सभी सदस्यों के लिए आईडी कार्ड भी बनाए जाएंगे। कथा स्थल के बाहर भव्य स्वागत प्रवेश द्वार बनाए जाने के साथ आकर्षक रांगोली का निर्माण लोक रंग के युवा कलाकार आशीष पांडे द्वारा किया जाएगा।

**सुंदर मंच निर्माण, वृहद बैठक व्यवस्था के साथ सुलभ पार्किंग व्यवस्था रहेगी**

बैठक व्यवस्था हेतु श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप, भोजन समिति में हरिभाई पटेल, जीवन पडियार, कितीश त्रिवेदी, सुनिल चौहान, प्रवीण श्रीवास, अनिल जैन, कमलेश परमार, मुकेश पाटीदार, मनोज पाठक, स्वल्पाहार की व्यवस्था श्री परशुरामेश्वर समिति, नीमा समाज, राजपूत समाज, श्री राजपूत करणी सेना, ग्रुड मार्निंग क्लब, अतिथि सत्कार के लिए सुभाष गिधवानी, राकेश झरबड़े, शुभम राठौर, महेन्द्रसिंह गेहलोत, महेन्द्रसिंह पंवार, मनोज पाठक, पार्किंग व्यवस्था संबंधी पं. द्विजेन्द्र व्यास, ट्रेफिक पुलिस के एएसआई लोकेन्द्र खेड़े, रविराजसिंह राठौर, यशकमल एवं राकेश गुप्ता, प्रचार-प्रसार हेतु सचिन जोशी, दौलत गोलानी, संतकुमार चौबे एवं कपिल कुमावत, मंच व्यवस्था एवं व्यास पीठ सज्जा हेतु अरूण भावसार, आशुतोषसिंह, पियूष पटेल, शुभम राठौर, नैतिक बैरागी, माधव व्यास, संचालन समिति में गजेन्द्रसिंह चंद्रावत एवं दिनेश चौहान, स्वामीजी की पदरावणी हेतु व्यवस्था समिति में सुशीलसिंह सिसौदिया, पं. मोहित पुरोहित, पुष्पेन्द्र नीमा, दिग्विजयसिंह गेहलोत एवं उर्जित पाठक को प्रभारी बनाया गया।

**युवाओं और मातृ शक्तियों को विशेष जिम्मेदारी**

कथा की विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु मुख्य रूप से युवाओं को जिम्मेदारी सौंपे जाने के साथ मातृ शक्तियों द्वारा प्रतिदिन कथा बाद प्रसादी वितरण की व्यवस्था संभाली जाएगी। आयोजन समिति के सभी सदस्यों का प्रतिदिन निर्धारित अनुसार ड्रेसकोड रहेगा। यह बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य गजेन्द्रसिंह चंद्रावत ने किया एवं आभार दिनेश चौहान ने माना। इस अवसर पर मातृ शक्तियों में श्रीमती नीता भावसार, रजनी चंद्रावत, शीतल चौहान, माया बैरागी आदि उपस्थित रहीं। शांति कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया।

# भाईदूज पर्व पर सीएम डॉ. मोहन यादव को महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा




**झाबुआ।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल स्थित निवास पर भगवान श्रीकृष्ण और बहन सुभद्रा के स्नेह बंधन के प्रतीक भाईदूज के पावन अवसर पर गरिमामय और भव्य समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की समस्त लाडली बहनों को संबोधित करते हुए भाईदूज के उपलक्ष में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत बहनों के खाते में 250 रू. की अतिरिक्त राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भी शिरकत की। केबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया सहित भाजपा की अन्य वरिष्ठ नेत्रियों और पदाधिकारियों ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तिलक कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। प्रदेश की बहनों की ओर से सीएम डॉ. यादव को स्वागत उपहार भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाईदूज के अवसर पर प्रदेश की समस्त बहनों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की एवं कहा कि केंद्र और मप्र की भाजपा सरकार महिला वर्ग के उत्थान के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। केंद्र और मप्र सरकार द्वारा महिलाओं के विकास एवं प्रगति के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रहीं है, जिसका शत-प्रतिशत लाभ महिलाओं को मिल रहा है। लाडली बहना योजना में प्रदेश की करीब 1 करोड़ 25 लाख बहनों को हर माह 1250 रू. उनके खाते में जमा होने के साथ भाईदूज पर 250 रू. अलग से अंतरित किए जा रहे है। जिससे वह भाईदूज का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मना सके। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने सीएम डॉ. मोहन यादव का इस हेतु आभार व्यक्त करते हुए समारोह में उपस्थित बहनों को संबोधित भी किया गया। पूरा आयोजन गरिमामय रूप से एवं सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# दशा नीमा समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

## समाजजनों के लिए भोजन (प्रसादी) रखी गई

**झाबुआ। शहर के श्री चारभुजानाथ मंदिर में दशा नीमा समाज द्वारा 22 अक्टूबर, बुधवार देर शाम 7.30 बजे से भगवान का विशेष अभिषेक एवं श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर परिसर में बैठकर भजन-किर्तन किए। बाद भगवान की महाआरती कर समाज के मांगलिक भवन में सभी के लिए भोजन ( प्रसादी ) रखी गई।**



जानकारी देते हुए दशा नीमा समाज अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं सचिव राकेश शाह ने बताया कि गौवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव के उपलक्ष में बुधवार शाम मंदिर पर विद्युत सज्जा के साथ भगवान का सुंदर श्रृंगार मंदिर के सेवक ज्योतिषाचार्य पं. हिमांशु शुक्ल ने किया। भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पण किया गया। यह समाजजनों द्वारा अपने-अपने घरों से तैयार कर लाया गया। इस दौरान महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के समधुर संगीतमय भजन गाए। मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य हेतु समाजजनों से राशि संग्रहण किया गया। मंदिर में भगवान के पट खुलने पर सभी ने उत्साहपूर्वक श्री चारभुजनाथजी के जयघोष लगाए। बाद महाआरती का आयोजन हुआ। महाआरती में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

**एक नजर** थाना बखतगढ़ एवं थाना उदयगढ़ पुलिस द्वारा दो अलग अलग कार्राई कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की

# पुलिस ने 11लाख 60 हजार रू. की अवैध शराब व एक वाहन जब्त किया

**आलीराजपुर । जिले में अवैध शराब के परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर को जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में यह निर्देश दिये गये थे कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय में लिप्त व्यक्तियों तथा अंतर्राज्यीय गिरोहों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए।**



इन्हीं निर्देशों के पालन में जिले के थाना बखतगढ़ एवं थाना उदयगढ़ पुलिस द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाईकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं एक बोलेरो वाहन जप्त किया गया है। पुलिस को इन कार्रवाइयों में 11 लाख 60 हजार रूपएसे अधिक की जप्ती में सफलता प्राप्त हुई है।

**थाना बखतगढ़ पुलिस की कार्रवाई :** बुधवार की रात्रि में थाना बखतगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छकना की माल, छोटी कंजीपानी फलिया में एक निर्माणाधीन मकान के पास बने बाथरूम में भारी मात्रा में अवैध शराब रखी गई है। इस पर थाना प्रभारी बखतगढ निरीक्षक संतोष सिसौदिया के नेतृत्व में बखतगढ पुलिस बल मौके पर पहुंचा। तलाशी के दौरान आरोपी दीपक उर्फ दीपा पिता वानिया भील गेदरिया (उम्र 25 वर्ष) के निर्माणाधीन मकान के पास बने बाथरूम से 98 पेटी माउण्ट कंपनी बीयर बरामद की गई।

प्रत्येक पेटी में 24 केन (500 एम.एल. प्रत्येक) भरे होने से कुल मात्रा 1176 लीटर एवं कीमत 1,76,400 रूपए आंकी गई। आरोपी से शराब के संबंध में वैध लाइसेंस मांगा गया, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा धारा 34(2), 36 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त शराब की धरपकड अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अलीराजपुर अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में निरीक्षक संतोष सिसोदिया थाना प्रभारी बखतगढ़, उप निरीक्षक राहुल चौहान चौकी प्रभारी छकतला, सऊनि ज्ञानसिंह पाल, सऊनि दीपक मालवीया, ॥ष 232 उदलिया जामोद, ॥ष्ट 75 चंदर सिंह, आरक्षक 134 तुलसीराम,96 अंतिम,544 चंदन के द्वारा सराहनीय कार्रवाई की गई है।

23 अक्टूबर 2025 को रात्रि लगभग 1.00 बजे थाना उदयगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त के दौरान अखोली फाटा ( भाबरा-उदयगढ़ रोड) पर एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क्र43.त.2611 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें माउण्ट 6000 सुपर स्ट्रॉंग बीयर की 160 पेटियां पाई गईं। प्रत्येक पेटी में 24 केन (500 एम.एल. प्रत्येक) होने से कुल शराब की मात्रा 1920 लीटर और कीमत ?3,84,000 आंकी गई।

वाहन में सवार राजु पिता हाबु सापलिया (उम्र 23 वर्ष) एवं बाल अपचारी, दोनों निवासी ग्राम कुहा सापलिया फलिया, से शराब के वैध दस्तावेज मांगे जाने पर कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया।

**कार्रवाई लगातार जारी रहेगी**

दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा बोलेरो पिकअप वाहन जिसकी कीमत लगभग ?6,00,000 है, को शराब सहित जब्त किया गया। थाना उदयगढ़ पुलिस द्वारा कुल ?9,84,000 की जप्ती की गई। इस प्रकरण में अपराध क्रमांक 275/23.10.2025, धारा 34(2), 46 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।उक?त शराब की धरपकड अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट रविन्द्र राठी के मार्गदर्शन में निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे चौकी प्रभारी कानाकाकड उनि पवन वास्कले सउनि जयवीरसिंह भदौरिया सउनि अजय भीण्डे प्रआर जुवानसिंह प्रआर आजाद आर रमेश चरपोटा आर आनन्द सैनिक धर्मेन्द्र वाणी सैनिक माधव द्वारा सराहनीय थाना बखतगढ़ एवं थाना उदयगढ़ की संयुक्त कार्रवाई में कुल 258 पेटी अवैध बीयर (3096 लीटर) बरामद की गई है।अवैध शराब की कुल कीमत ?5,60,400 एवं बोलेरो वाहन की कीमत ?6,00,000 मिलाकर कुल ?11,60,400 की जप्ती की गई है। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सघन अभियान निरंतर जारी है। हाल ही में की गई इन कार्यवाहियों से स्पष्ट संदेश है कि अवैध शराब कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा ऐसे तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।